**Code/कोड - Driver/AUGUST/2026**

Question & Answer Booklet Sl. no.
प्रश्न-उत्तर-पुस्तिका क्रमांक ______________

| | |
|---|---|
| **Roll Number/ रोल नंबर** | |
| **Signature of the Candidate** <br> **अभ्यर्थी का हस्ताक्षर** | |
| **Signature of the Invigilator** <br> **निरीक्षक का हस्ताक्षर** | |

# Written Test/ लिखित परीक्षा

| | |
|---|---|
| **Confidential Code** | |

**Maximum Marks / अधिकतम अंक : 100** **Time/समय: : 1½ hours**

**Instructions / सूचनायें :-**

1. केवल **बॉल पेन (Ball-Pen**) का उपयोग करना होगा। Only **ball-pen** must be used.

2. Write your roll number in the above box.
उपर्युक्त बॉक्स में अपना रोल नंबर लिखें।

3. This booklet contains **27** pages. If your booklet doesn't have **27** pages, get it replaced immediately.
इस पुस्तिका में **27** पृष्ठ हैं। यदि आपकी पुस्तिका में **27** पृष्ठ नहीं हैं, तो इसे तुरंत बदल दें।

4. There are 100 multiple choice questions in this paper. Each question carries one mark. Answer in the booklet itself by (✓) marking the **MOST CORRECT** **&** **COMPLETE** answer.
इस पेपर में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है। पुस्तिका में ही **सब से सही एवं पूर्ण** उत्तर के ऊपर (✓) चिह्न लगाएँ।

5. There should be no overwriting in marking the answers. **Marks will not be awarded for the answers with over writing.**
उत्तर अंकित करते समय अधिलेखन (over writing) नहीं होना चाहिए। अधिलेखन (over writing) वाले उत्तरों के लिए अंक नहीं दिए जाएंगे।

6. If there is any difference between English and Hindi versions of questions, please follow English version of questions only.
यदि अंग्रेजी और हिंदी के प्रश्नों के बीच कोई अंतर है, तो कृपया केवल अंग्रेजी के प्रश्नों का अनुसरण करें।

***

## PART–A: GENERAL AWARENESS

**1. ऋग्वेद में .......... हैं ।**

A. 9 मंडल अथवा 7 अष्टक
B. 10 मंडल अथवा 8 अष्टक
C. 7 मंडल अथवा 6 अष्टक
D. 9 मंडल अथवा 8 अष्टक

**The Rigveda has...........?**

A. 9 Mandalas or 7 Ashtakas
B. 10 Mandalas or 8 Ashtakas
C. 7 Mandalas or 6 Ashtakas
D. 9 Mandalas or 8 Ashtakas

**2. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में समानता का अधिकार प्रदान किया गया है?**

A. अनुच्छेद 14
B. अनुच्छेद 19
C. अनुच्छेद 21
D. अनुच्छेद 32

**Which Article of Indian Constitution guarantees the Right to Equality?**

A. Article 14
B. Article 19
C. Article 21
D. Article 32

**3. "ज्ञानभारतम्" संबद्ध है----**

A. विश्वविद्यालयों से
B. अध्ययन से
C. पाण्डुलिपियों से
D. भारत ज्ञान की यात्रा से

**"Jnanabharatam" is related to--------**

A. Universities
B. Study
C. Manuscripts
D. Tour of Bharat for Knowledge

**4. भारत का सबसे बड़ा नदी द्वीप 'माजुली' किस नदी में स्थित है?**

A. गंगा
B. ब्रह्मपुत्र
C. गोदावरी
D. नर्मदा

**Majuli, the world's largest inhabited river island, is situated in which river?**

A. Ganga
B. Brahmaputra
C. Godavari
D. Narmada

**5. निम्नलिखित में से कौन-सा वेद 'संगीत का वेद' कहलाता है?**

A. ऋग्वेद | B. यजुर्वेद
C. सामवेद | D. अथर्ववेद

**Which Veda is known as the 'Veda of Music'?**

A. Rigveda | B. Yajurveda
C. Samaveda | D. Atharvaveda

**6. भारतीय संविधान का कौन-सा भाग राज्य के नीति-निदेशक तत्त्वों से संबंधित है?**

A. भाग III | B. भाग IV
C. भाग IVA | D. भाग V

**Which Part of Indian Constitution deals with the Directive Principles of State Policy?**

A. Part III | B. Part IV
C. Part IVA | D. Part V

**7. भारतीय नोटों के *भाषा पैनल* में कितने भाषाओं में नोट का मूल्य लिखा रहता है?**

A. 15 | B. 22
C. 17 | D. 18

**In how many languages is the denomination of Indian currency notes written in the *language panel*?**

A. 15 | B. 22
C. 17 | D. 18

**8. भारत का राष्ट्रीय खेल के विषय में कौन-सा कथन सत्य है?**

A. हॉकी | B. क्रिकेट
C. कबड्डी | D. भारत का कोई राष्ट्रीय खेल घोषित नहीं है

**Which statement regarding India's national game is correct?**

A. Hockey | B. Cricket
C. Kabaddi | D. India has no officially declared national game

**9. संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) का मुख्यालय कहाँ स्थित है?**

A. जेनेवा | B. पेरिस
C. न्यूयॉर्क | D. रोम

**Where is the headquarters of UNESCO located?**

A. Geneva B. Paris

C. New York D. Rome

**10. भारतीय संविधान के अनुसार 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा किस अनुच्छेद के अंतर्गत मौलिक अधिकार है?**

A. अनुच्छेद 19 B. अनुच्छेद 21A

C. अनुच्छेद 28 D. अनुच्छेद 29

**According to the Constitution of India, under which Article free and compulsory education for children between 6 and 14 years of age is a Fundamental Right?**

A. Article 19 B. Article 21A

C. Article 28 D. Article 29

**11. चेतन मैनी द्वारा भारत में लॉन्च की गई प्रथमबार व्यापक रूप से निर्मित और व्यावसायिक रूप से बेची गई इलेक्ट्रिक कार कौन-सी थी?**

A. रेवा B. महिंद्रा ई2ओ

C. टाटा टिगोर ईवी D. हुंडई कोना इलेक्ट्रिक

**Which was the first widely produced and commercially sold electric car in India launched by Chetan Maini?**

A. REVA B. MAHINDRA e2o

C. TATA Tigor EV D. HYUNDAI Kona Electric

**12. भारत की सबसे लंबी समुद्री तटरेखा किस राज्य की है?**

A. तमिलनाडु B. गुजरात

C. आंध्र प्रदेश D. महाराष्ट्र

**Which Indian State has the longest coastline?**

A. Tamil Nadu B. Gujarat

C. Andhra Pradesh D. Maharashtra

**13. मूल अधिकारों की रक्षा हेतु सीधे सर्वोच्च न्यायालय जाने का अधिकार संविधान के किस अनुच्छेद में है?**

A. अनुच्छेद 19 B. अनुच्छेद 14

C. अनुच्छेद 32 D. अनुच्छेद 226

**Under which Article can a citizen directly approach the Supreme Court for enforcement of Fundamental Rights?**

A. Article 19 B. Article 14

C. Article 32 D. Article 226

**14. भारत का पहला स्वर्ण पदक व्यक्तिगत स्पर्धा में ओलम्पिक में किसने जीता?**

A. अभिनव बिंद्रा B. नीरज चोपड़ा

C. राजवर्धन सिंह राठौड़ D. सुशील कुमार

**Who won India's first individual Olympic Gold Medal?**

A. Abhinav Bindra B. Neeraj Chopra

C. Rajyavardhan Singh Rathore D. Sushil Kumar

**15. निम्नलिखित में से कौन-सा वेदाङ्ग उच्चारण-विज्ञान से संबंधित है?**

A. शिक्षा B. कल्प

C. व्याकरण D. छन्द

**Which Vedanga deals with phonetics and pronunciation?**

A. Shiksha B. Kalpa

C. Vyakarana D. Chand

## PART–B : GENERAL INTELLIGENCE

(Questions 16–30)

**16. यदि SOUTH को TQWUI लिखा जाता है, तो NORTH को किस प्रकार लिखा जाएगा?**

A. OQTUI B. OQTUJ

C. OQTIU D. उपर्युक्त कोई नहीं

**If SOUTH is coded as TQWUI, how will NORTH be coded?**

A. OQTUI B. OQTUJ

C. OQTIU D. None of the above

**17. श्रृंखला पूर्ण कीजिए : 3, 7, 15, 31, 63, ............?**

A. 95 B. 111

C. 127 D. 129

**Complete the series: 3, 7, 15, 31, 63, ........?**

A. 95 B. 111

C. 127 D. 129

**18. यदि सभी ट्रक वाहन हैं तथा कुछ वाहन विद्युत चालित हैं, तो कौन-सा निष्कर्ष निश्चित है?**

A. सभी ट्रक विद्युत चालित हैं। B. कुछ ट्रक विद्युत चालित हैं।

C. कोई ट्रक विद्युत चालित नहीं है। D. कोई निश्चित निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता।

**If all trucks are vehicles and some vehicles are electric, which conclusion definitely follows?**

A. All trucks are electric. B. Some trucks are electric.

C. No truck is electric. D. No definite conclusion follows.

**19. A, B का भाई है। B, C की माता है। C, D की बहन है। D का A से क्या संबंध है?**

A. भतीजा B. भांजा

C. पुत्र D. निर्धारित नहीं किया जा सकता

**A is the brother of B. B is the mother of C. C is the sister of D. How is D related to A?**

A. Nephew B. Sister's son

C. Son D. Cannot be determined

**20. यदि किसी दर्पण में समय 4:35 दिखाई दे रहा है, तो वास्तविक समय क्या होगा?**

A. 7:25 B. 7:35

C. 8:25 D. 8:35

**If a mirror shows 4:35, what is the actual time?**

A. 7:25 B. 7:35

C. 8:25 D. 8:35

**21. टायर : हवा :: गियरबॉक्स : ?'**

A. पहिया B. तेल

C. ब्रेक D. इंजन

**Tyre : Air :: Gearbox : ?**

A. Tyre
B. Oil
C. Brake
D. Engine

**22. श्रृंखला पूर्ण कीजिए : AZ, BY, CX, DW,................?**

A. EV
B. EU
C. FV
D. EW

**Complete the series: AZ, BY, CX, DW,..........?**

A. EV
B. EU
C. FV
D. EW

**23. यदि 15 मार्च 2026 रविवार है, तो 15 अप्रैल 2026 कौन-सा दिन होगा?**

A. मंगलवार
B. बुधवार
C. गुरुवार
D. शुक्रवार

**If 15 March 2026 is Sunday, what day will 15 April 2026 be?**

A. Tuesday
B. Wednesday
C. Thursday
D. Friday

**24. विषम शब्द चुनिए।**

A. ब्रेक
B. क्लच
C. एक्सेलरेटर
D. रेडिएटर

**Choose the odd one out.**

A. Brake
B. Clutch
C. Accelerator
D. Radiator

**25. यदि 'सड़क' को 'वाहन' कहा जाए, 'वाहन' को 'चालक' कहा जाए तथा 'चालक' को 'यात्री' कहा जाए, तो वाहन कौन चलाएगा?**

A. सड़क
B. चालक
C. यात्री
D. वाहन

**If 'Road' is called 'Vehicle', 'Vehicle' is called 'Driver' and 'Driver' is called 'Passenger', who will drive the vehicle?**

A. Road
B. Driver
C. Passenger
D. Vehicle

**26. यदि A, B से लम्बा है, B, C से छोटा है तथा C, D से लम्बा है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन निश्चित रूप से सत्य है?**

A. A सबसे लम्बा है। B. D सबसे छोटा है।

C. C, A से लम्बा हो सकता है। D. A, D से अवश्य लम्बा है।

**If A is taller than B, B is shorter than C and C is taller than D, which statement is definitely true?**

A. A is the tallest. B. D is the shortest.

C. C may be taller than A. D. A is definitely taller than D.

**27. यदि किसी कूट भाषा में ROAD = URDG है, तो DRIVE का कूट क्या होगा?**

A. GULYH B. GULYF

C. GQJXH D. FQKWH

**If ROAD is coded as URDG, then DRIVE will be coded as**

A. GULYH B. GULYF

C. GQJXH D. FQKWH

**28. श्रेणी पूर्ण कीजिए: 2, 6, 18, 54, 162.................?**

A. 324 B. 486

C. 648 D. 972

**Complete the series: 2, 6, 18, 54, 162, ................?**

A. 324 B. 486

C. 648 D. 972

**29. यदि पूर्व को पश्चिम, उत्तर को दक्षिण तथा दक्षिण को उत्तर कहा जाए, तो सूर्योदय किस दिशा में होगा?**

A. उत्तर B. दक्षिण

C. पूर्व D. पश्चिम

**If East is called West, North is called South and South is called North, in which direction does the sun rise?**

A. North B. South

C. East D. West

**30. विषम शब्द चुनिए।**

A. इंजन B. गियरबॉक्स

C. क्लच D. स्पीडोमीटर

**Choose the odd one out.**

A. Engine
B. Gearbox
C. Clutch
D. Speedometer

## PART–C : NUMERICAL ABILITY

(Questions 31-40)

**31. यदि A की आय B की आय से 25% ज़्यादा है, तो B की आय A की आय से कितने प्रतिशत कम है?**

A. 15%
B. 20%
C. 25%
D. 30%

**If A's income is 25% more than B's income, then by what percentage is B's income less than A's income?**

A. 15%
B. 20%
C. 25%
D. 30%

**32. 5 संख्याओं का औसत 60 है। यदि एक संख्या हटा दी जाए, तो औसत 55 हो जाता है। हटाई गई संख्या क्या है?**

A. 85
B. 80
C. 95
D. 90

**Average of 5 numbers is 60. If one number is removed, the average becomes 55. What is the removed number?**

A. 85
B. 80
C. 95
D. 90

**33. यदि डीज़ल का मूल्य ₹95 प्रति लीटर है, तो 40 लीटर डीज़ल का कुल मूल्य कितना होगा?**

A. ₹3600
B. ₹3700
C. ₹3800
D. ₹3900

**If diesel costs ₹95 per litre, what is the cost of 40 litres?**

A. ₹3600
B. ₹3700
C. ₹3800
D. ₹3900

**34. एक वाहन पहले 60 किमी/घंटा तथा बाद में 40 किमी/घंटा की समान दूरी तय करता है। औसत गति क्या होगी?**

A. 48 km/h
B. 50 km/h
C. 52 km/h
D. 54 km/h

**A vehicle travels equal distances at 60 km/h and 40 km/h. What is the average speed?**

A. 48 km/h
B. 50 km/h
C. 52 km/h
D. 54 km/h

**35. एक टायर का मूल्य ₹8,000 है। 10% छूट मिलने पर उसका मूल्य कितना होगा?**

A. ₹7,000
B. ₹7,100
C. ₹7,200
D. ₹7,500

**A tyre costs ₹8,000. What will be its price after a 10% discount?**

A. ₹7,000
B. ₹7,100
C. ₹7,200
D. ₹7,500

**36. एक चालक प्रतिदिन 180 किमी चलता है। 25 दिनों में कुल दूरी कितनी होगी?**

A. 4200 km
B. 4300 km
C. 4400 km
D. 4500 km

**A driver covers 180 km daily. How much distance will he cover in 25 days?**

A. 4200 km
B. 4300 km
C. 4400 km
D. 4500 km

**37. एक राशि पर समान ब्याज दर से 2 वर्षों में चक्रवृद्धि ब्याज ₹525 और 3 वर्षों में ₹576.25 हो जाता है। इस में ब्याज दर है:**

A. 8%
B. 15%
C. 20%
D. उपर्युक्त कोई नहीं

**The Compound interest on a sum becomes ₹525 in 2 years and ₹576.25 in 3 years at the same rate. The interest rate is:**

A. 8%
B. 15%
C. 20%
D. None of the above

**38. ₹12,500 का 8% कितना होगा?**

A. ₹900 B. ₹950

C. ₹1000 D. ₹1100

**What is 8% of ₹12,500?**

A. ₹900 B. ₹950

C. ₹1000 D. ₹1100

**39. 180 मीटर लंबी एक ट्रेन 120 मीटर लंबे प्लेटफॉर्म को 15 सेकंड में पार करती है। इसकी गति क्या है?**

A. 20 m/s B. 24 m/s

C. 18 m/s D. 16 m/s

**A train 180m long crosses a platform 120m long in 15 seconds. What is its speed?**

A. 20 m/s B. 24 m/s

C. 18 m/s D. 16 m/s

**40. एक वाहन 500 किमी चलने में 25 लीटर ईंधन खर्च करता है। उसका माइलेज कितना है?**

A. 18 km/L B. 19 km/L

C. 20 km/L D. 21 km/L

**A vehicle consumes 25 litres of fuel to travel 500 km. What is its mileage?**

A. 18 km/L B. 19 km/L

C. 20 km/L D. 21 km/L

## PART–D : ROAD SENSE, VEHICLE MAINTENANCE, TRAFFIC RULES & SIGNALS

(Questions 41-100)

**41. ABS (Anti-lock Braking System) का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

A. ईंधन की बचत करना

B. ब्रेक लगाते समय पहियों को लॉक होने से रोककर वाहन का नियंत्रण बनाए रखना

C. इंजन की शक्ति बढ़ाना

D. बैटरी चार्ज करना

**What is the primary purpose of ABS?**

A. Save fuel

B. Prevent wheel lock during braking and maintain steering control

C. Increase engine power

D. Charge the battery

**42. इंजन नॉकिंग (Engine Knocking) का एक प्रमुख कारण क्या है?**

A. निम्न ऑक्टेन ईंधन B. कार्बन जमाव

C. गलत इग्निशन टाइमिंग D. उपर्युक्त सभी

**One of the major causes of engine knocking is**

A. Low-octane fuel B. Carbon deposits

C. Incorrect ignition timing D. All of the above

**43. यदि इंजन ऑयल प्रेशर चेतावनी लाइट लगातार जल रही हो, तो चालक को क्या करना चाहिए?**

A. यात्रा जारी रखे एवं फोन पर कार्यालय को समस्या बता दें

B. इंजन बंद कर कारण की जाँच कराए

C. गति बढ़ा दे एवं कार्यालय पहुंचे

D. केवल ऑयल भर दे

**If the engine oil pressure warning lamp remains ON continuously, the driver should**

A. Continue driving and tell the problem to office over phone

B. Stop the engine and inspect the cause

C. Increase speed and reach office

D. Simply top up the oil

**44. डिफरेंशियल लॉक का उपयोग मुख्यतः कब किया जाता है?**

A. शहर की सड़क पर B. फिसलन, कीचड़ या ऑफ-रोड मार्ग पर

C. पार्किंग के समय D. राजमार्ग पर

**A differential lock is mainly used**

A. On city roads B. On slippery, muddy or off-road terrain

C. During parking D. On highways

45. **फॉग (कोहरे) में वाहन चलाते समय किस प्रकार की लाइट का प्रयोग करना चाहिए?**

A. हाई बीम  B. लो बीम अथवा फॉग लैंप

C. पार्किंग लाइट  D. कोई लाइट नहीं

**Which lights should be used while driving in fog?**

A. High beam  B. Low beam or fog lamps

C. Parking lights  D. No lights

46. **व्हील बैलेंसिंग का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

A. इंजन शक्ति बढ़ाना  B. टायर कंपन तथा असमान घिसाव कम करना

C. बैटरी चार्ज करना  D. ईंधन बचाना

**The main purpose of wheel balancing is**

A. Increase engine power  B. Reduce vibration and uneven tyre wear

C. Charge the battery  D. Save fuel

47. **वाहन में क्लच का मुख्य कार्य क्या है?**

A. इंजन और गियरबॉक्स के बीच शक्ति जोड़ना एवं अलग करना

B. इंजन ठंडा करना

C. ईंधन देना

D. बैटरी चार्ज करना

**What is the main function of the clutch?**

A. Engage and disengage power between engine and gearbox

B. Cool the engine

C. Supply fuel

D. Charge the battery

48. **यदि चलते समय टायर फट जाए, तो चालक को क्या करना चाहिए?**

A. तुरंत पूरी शक्ति से ब्रेक लगाए  B. स्टीयरिंग पर नियंत्रण रखते हुए धीरे-धीरे गति कम करे

C. इंजन तुरंत बंद कर दे  D. हैंडब्रेक लगा दे

**If a tyre bursts while driving, the driver should**

A. Apply full brakes immediately and stop at once

B. Maintain steering control and reduce speed gradually

C. Switch off the engine immediately

D. Apply the hand brake and stop at once

**49. वाहन के सस्पेंशन सिस्टम का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

A. झटकों को कम करना एवं स्थिरता बनाए रखना

B. सुनिश्चित रखना कि गाड़ी चलते समय व्हील अलाइनमेंट न बिगड़े

C. ओवर-स्टीयरिंग के असर को अपने-आप ठीक करना।

D. सुनिश्चित करना कि स्टीयरिंग व्हील से सही मात्रा में स्टीयरिंग फ़ोर्स मिल सके।

**The primary purpose of the suspension system is to:**

A. Absorb shocks and maintain stability

B. Ensure that wheel alignment is not disturbed during driving

C. Automatically correct the effects of over steering

D. Ensure that steering wheel can deliver a suitable amount of steering force.

**50. विद्यालय, अस्पताल और न्यायालय जैसे मौन क्षेत्र (Silence Zone) में दिन के समय निर्धारित अधिकतम परिवेशीय ध्वनि-स्तर कितना है?**

A. 40 डेसीबल (वेटेड ध्वनि स्तर-ए)

B. 50 डेसीबल (वेटेड ध्वनि स्तर-ए)

C. 65 डेसीबल (वेटेड ध्वनि स्तर-ए)

D. 75 डेसीबल (ए-वेटेड ध्वनि स्तर)

**What is the prescribed maximum ambient noise level during the daytime in a silence zone, such as near schools, hospitals and courts?**

A. 40 dB(A-weighted sound level)

B. 50 dB(A-weighted sound level)

C. 65 dB(A-weighted sound level)

D. 75 dB(A-weighted sound level)

**51. सरकारी वाहन की लॉग बुक में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रविष्टि अनिवार्य मानी जाती है?**

A. प्रारम्भिक एवं अंतिम ओडोमीटर रीडिंग

B. यात्रा का उद्देश्य

C. समय, अधिकारी का नाम एवं हस्ताक्षर (जहाँ लागू हो)

D. उपर्युक्त सभी

**Which of the following entries are mandatory in a Government vehicle log book?**

A. Opening and closing odometer readings

B. Purpose of journey

C. Time, officer's name and signature (where applicable)

D. All of the above

52. **यदि सरकारी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाए, तो चालक की प्रथम प्राथमिकता क्या होनी चाहिए?**

A. वाहन को तुरंत हटाना

B. घायलों की सहायता करना, पुलिस एवं सक्षम अधिकारी को सूचना देना

C. केवल बीमा कम्पनी को सूचना देना

D. वाहन की मरम्मत कराना

**If a Government vehicle meets with an accident, what should be the driver's first priority?**

A. Move the vehicle immediately

B. Help the injured and inform the police and competent authority

C. Inform only the insurance company

D. Repair the vehicle

53. **Good Samaritan Guidelines का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

A. दुर्घटना के गवाह को दण्डित करना

B. सड़क दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने वाले व्यक्तियों को कानूनी संरक्षण देना

C. वाहन स्वामियों को बीमा देना

D. केवल पुलिस अधिकारियों की सहायता करना

**What is the main objective of the Good Samaritan Guidelines?**

A. Punish accident witnesses

B. Provide legal protection to persons helping accident victims

C. Provide insurance to vehicle owners

D. Assist only police officers

54. **BS-VI वाहनों में Diesel Particulate Filter (DPF) का मुख्य कार्य क्या है?**

A. इंजन की शक्ति बढ़ाना

B. डीज़ल कणों (Particulate Matter) को कम करना

C. ईंधन की मात्रा बढ़ाना

D. इंजन ऑयल को ठंडा रखना

**What is the primary function of the Diesel Particulate Filter (DPF) in BS-VI vehicles?**

A. Increase engine power

B. Reduce particulate matter emissions

C. Increase fuel quantity

D. Cool engine oil

**55. SCR (Selective Catalytic Reduction) प्रणाली में सामान्यतः किस द्रव का उपयोग** किया जाता है?

A. ब्रेक फ्लूइड
B. AdBlue (DEF)
C. इंजन ऑयल
D. डिस्टिल्ड वाटर

**Which fluid is commonly used in the SCR system?**

A. Brake fluid
B. AdBlue (Diesel Exhaust Fluid)
C. Engine oil
D. Distilled water

**56. OBD-II प्रणाली का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

A. केवल वाहन की गति मापना
B. इंजन एवं उत्सर्जन प्रणाली की खराबियों का निदान करना
C. टायर का दबाव बढ़ाना
D. ईंधन भरना

**What is the primary purpose of the OBD-II system?**

A. Measure vehicle speed
B. Diagnose engine and emission system faults
C. Increase tyre pressure
D. Fill fuel

**57. ECU (Engine Control Unit) का प्रमुख कार्य क्या है?**

A. वाहन का रंग नियंत्रित करना
B. इंजन के इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रण का संचालन करना
C. एयर कंडीशनर चलाना
D. हॉर्न नियंत्रित करना

**What is the primary function of the Engine Control Unit (ECU)?**

A. Control vehicle colour
B. Electronically manage engine operation
C. Operate the air conditioner
D. Control the horn

**58. CRDI इंजन का प्रमुख लाभ क्या है?**

A. अधिक धुआँ
B. बेहतर ईंधन दक्षता एवं कम उत्सर्जन
C. अधिक कंपन
D. कम शक्ति

**What is the major advantage of a CRDI engine?**

A. Higher smoke emission
B. Better fuel efficiency and lower emissions
C. More vibration
D. Lower power

**59. यदि वाहन में Brake Fade अनुभव हो, तो इसका प्रमुख कारण क्या हो सकता है?**

A. ब्रेक का अत्यधिक उपयोग
B. कम ईंधन
C. अधिक इंजन ऑयल
D. रेडिएटर का पानी

**Brake fade is mainly caused by**

A. Excessive brake usage B. Low fuel

C. Excess engine oil D. Radiator water

**60. Defensive Driving का मूल सिद्धान्त क्या है?**

A. तेज गति

B. दुर्घटना की संभावना का पूर्वानुमान लगाकर सुरक्षित वाहन संचालन

C. लगातार हॉर्न बजाना

D. केवल नियमों का पालन करना

**The basic principle of defensive driving is**

A. High speed B. Anticipating hazards and driving safely

C. Continuous horn usage D. Merely following traffic rules

**61. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य Preventive Maintenance का भाग है?**

A. वाहन खराब होने के बाद मरम्मत B. नियमित निरीक्षण एवं समय पर सर्विसिंग

C. केवल वाहन धोना D. केवल इंजन स्टार्ट करना

**Which of the following is part of preventive maintenance?**

A. Repair after breakdown B. Regular inspection and timely servicing

C. Only washing the vehicle D. Only starting the engine

**62. Wheel Alignment सही न होने का परिणाम क्या है?**

A. बैटरी चार्ज नहीं होगी B. टायर असमान रूप से घिसना

C. इंजन बंद हो जाएगा D. रेडिएटर लीक करेगा

**Improper wheel alignment mainly results in**

A. Battery failure B. Uneven tyre wear

C. Engine shutdown D. Radiator leakage

**63. Hydroplaning किस परिस्थिति में होता है?**

A. सूखी सड़क

B. पानी से ढकी सड़क पर टायर का सड़क से संपर्क कम हो जाना

C. पहाड़ी मार्ग

D. कच्ची सड़क

**Hydroplaning occurs when**

A. Driving on a dry road

B. Tyres lose contact with the road due to water

C. Driving in hills

D. Driving on an unpaved road

**64. सरकारी चालक को गोपनीय दस्तावेजों के संबंध में क्या करना चाहिए?**

A. मित्रों से चर्चा करनी चाहिए B. सोशल मीडिया पर साझा करना चाहिए

C. पूर्ण गोपनीयता बनाए रखनी चाहिए D. किसी भी अधिकारी को दे देना चाहिए

**What should a Government driver do regarding confidential documents?**

A. Discuss them with friends B. Share them on social media

C. Maintain complete confidentiality D. Hand them over to anyone

**65. इंजन के स्नेहन तंत्र का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

A. इंजन का भार बढ़ाना B. घर्षण एवं घिसाव कम करना

C. वाहन की ऊँचाई बढ़ाना D. टायर ठंडे रखना

**The primary purpose of the lubrication system is**

A. Increase engine weight B. Reduce friction and wear

C. Increase vehicle height D. Cool tyres

**66. यदि इंजन अधिक गर्म हो जाए, तो चालक को क्या करना चाहिए?**

A. यात्रा जारी रखनी चाहिए B. सुरक्षित स्थान पर रोककर कारण की जाँच करनी चाहिए

C. गति बढ़ानी चाहिए D. ए.सी. बंद कर देना ही पर्याप्त है

**If the engine overheats, the driver should**

A. Continue driving B. Stop safely and inspect the cause

C. Increase speed D. Only switch off the air conditioner

**67. वाहन में Alternator का मुख्य कार्य क्या है?**

A. इंजन ठंडा करना B. बैटरी चार्ज करना एवं विद्युत प्रणाली को ऊर्जा देना

C. ईंधन पंप चलाना D. क्लच नियंत्रित करना

**The primary function of the alternator is**

A. Cool the engine B. Charge the battery and supply electrical power

C. Operate the fuel pump D. Control the clutch

**68. Tyre Rotation का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

A. इंजन शक्ति बढ़ाना B. टायरों का समान घिसाव सुनिश्चित करना

C. बैटरी बचाना D. ईंधन बढ़ाना

**The main purpose of tyre rotation is**

A. Increase engine power B. Ensure uniform tyre wear

C. Save battery D. Increase fuel

**69. यदि चालक लंबे समय तक लगातार वाहन चलाता रहे, तो सबसे बड़ा जोखिम क्या है?**

A. ईंधन की बचत B. चालक की थकान के कारण दुर्घटना की संभावना

C. टायर मजबूत होना D. इंजन अधिक शक्तिशाली होना

**Driving continuously for long hours mainly increases the risk of**

A. Fuel saving B. Fatigue-related accidents

C. Stronger tyres D. More engine power

**70. सड़क सुरक्षा का "Golden Hour" किससे संबंधित है?**

A. सूर्योदय के समय ध्यान से चलाना B. दुर्घटना के बाद का पहला महत्वपूर्ण घंटा

C. वाहन खरीदने का समय D. इंजन सर्विसिंग समय से करना

**The term "Golden Hour" in road safety refers to**

A. Careful driving at Sunrise B. The first critical hour after an accident

C. Vehicle purchase D. Timely engine servicing

**71. ईंधन की बचत हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा उपाय सर्वाधिक उपयुक्त है?**

A. अनावश्यक इंजन चालू रखना B. उचित गियर एवं स्थिर गति बनाए रखना

C. बार-बार तेज गति बढ़ाना D. अचानक ब्रेक लगाना

**Which practice is best for fuel economy?**

A. Unnecessary idling B. Maintaining proper gear and steady speed

C. Frequent acceleration D. Sudden braking

**72. यदि किसी अधिकारी द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने का मौखिक निर्देश दिया जाए,** तो सरकारी चालक को क्या करना चाहिए?

A. तुरंत पालन करना

B. विनम्रतापूर्वक कानून का पालन करने की आवश्यकता बतानी चाहिए

C. वाहन छोड़ देना

D. तेज गति से वाहन चलाना

**If an officer verbally instructs the driver to violate traffic rules, the driver should**

A. Obey immediately
B. Politely explain the need to follow the law
C. Leave the vehicle
D. Drive at high speed

**73. निम्नलिखित में से कौन-सा दस्तावेज वाहन में उपलब्ध होना आवश्यक है?**

A. RC
B. वैध बीमा
C. PUC (जहाँ लागू हो)
D. उपर्युक्त सभी

**Which documents must be available in a vehicle?**

A. Registration Certificate
B. Valid Insurance
C. PUC Certificate (where applicable)
D. All of the above

**74. Vehicle Idling को अनावश्यक रूप से लंबे समय तक जारी रखने का प्रमुख परिणाम क्या है?**

A. ईंधन की बचत
B. प्रदूषण एवं ईंधन की अनावश्यक खपत
C. इंजन शक्ति बढ़ना
D. बैटरी स्वतः चार्ज होना

**Prolonged unnecessary engine idling mainly results in**

A. Fuel saving
B. Increased pollution and unnecessary fuel consumption
C. Increased engine power
D. Automatic battery charging

**75. एक आदर्श सरकारी चालक की सर्वोच्च पहचान क्या है?**

A. अधिक गति से वाहन संचालन एवं समय पर वाहन रखरखाव
B. सुरक्षित, अनुशासित, सत्यनिष्ठ एवं तकनीकी रूप से दक्ष वाहन संचालन
C. केवल वाहन की सफाई एवं स्वभावतः शान्त रहना
D. केवल लंबा अनुभव वं सही कागज पत्र रखना

**The greatest hallmark of an ideal Government driver is**

A. High speed driving and timely vehicle maintenance
B. Safe, disciplined, honest and technically competent driving
C. Only keeping the vehicle clean and by nature calm
D. Only long experience and keeping proper records

**76. किसी चौराहे पर यातायात संकेत (Traffic Signal) हरा है, किन्तु आगे का मार्ग अवरुद्ध (Blocked) है। चालक को क्या करना चाहिए?**

A. हरी बत्ती होने के कारण चौराहे में प्रवेश कर जाना चाहिए।

B. हॉर्न बजाते हुए आगे बढ़ना चाहिए।

C. चौराहे में तब तक प्रवेश नहीं करना चाहिए जब तक आगे पर्याप्त स्थान उपलब्ध न हो।

D. केवल दाहिनी ओर मुड़ जाना चाहिए।

**At a signalized intersection, the traffic light is green but the road ahead is blocked due to congestion. What should the driver do?**

A. Enter the intersection because the signal is green.

B. Proceed while continuously blowing the horn.

C. Do not enter the intersection until there is sufficient space ahead to clear it.

D. Turn right immediately.

**77. सड़क परिवहन एवं मोटर वाहन संबंधी विधिक उत्तरदायित्व के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

A. यदि किसी वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश पर यातायात नियमों का उल्लंघन किया जाए, तो चालक उत्तरदायी नहीं होगा।

B. वाहन का चालक मोटर वाहन अधिनियम तथा यातायात नियमों के पालन के लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होता है, चाहे निर्देश किसी का भी हो।

C. केवल वाहन का स्वामी उत्तरदायी होता है।

D. सरकारी वाहन पर यातायात नियम लागू नहीं होते।

**With reference to legal responsibility under the Motor Vehicles Act and traffic regulations, which statement is correct?**

A. A driver is not responsible if a senior officer instructed him to violate traffic rules.

B. The driver is personally responsible for complying with the Motor Vehicles Act and traffic rules, irrespective of who gave the instructions.

C. Only the owner of the vehicle is responsible.

D. Traffic laws do not apply to Government vehicles.

**78. रात्रि में सामने से वाहन आने पर चालक को क्या करना चाहिए?**

A. हाई बीम चालू रखना

B. लो बीम का प्रयोग करना

C. पार्किंग लाइट जलाना

D. सभी लाइट बंद कर देना

**When an oncoming vehicle approaches at night, the driver should**

A. Use high beam B. Use low beam (dipper)

C. Switch on parking lights D. Switch off all lights

**79. लाल रंग का त्रिकोणीय चेतावनी रिफ्लेक्टर खराब वाहन के पीछे रखने का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

A. वाहन सजाना B. पीछे आने वाले वाहनों को समय रहते चेतावनी देना

C. पुलिस को सूचना देना D. वाहन का संतुलन बनाए रखना

**Why is a reflective warning triangle placed behind a disabled vehicle?**

A. Decoration B. To warn approaching traffic in advance

C. To inform the police D. To balance the vehicle

**80. भारत में वाहन उत्सर्जन मानकों का वर्तमान उन्नत चरण कौन-सा है?**

A. BS-III B. BS-IV

C. BS-V D. BS-VI

**Which is the latest Bharat Stage emission standard implemented in India?**

A. BS-III B. BS-IV

C. BS-V D. BS-VI

**81. वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग क्यों नहीं करना चाहिए?**

A. बैटरी जल्दी समाप्त होती है

B. चालक का ध्यान भंग होता है और दुर्घटना का जोखिम बढ़ता है

C. मोबाइल खराब हो सकता है

D. हॉर्न सुनाई नहीं देता

**Why should a driver avoid using a mobile phone while driving?**

A. Battery drains quickly

B. It distracts the driver and increases accident risk

C. The phone may get damaged

D. Horn cannot be heard

**82. यदि ब्रेक प्रणाली अचानक विफल हो जाए, तो चालक को सबसे पहले क्या करना चाहिए?**

A. इंजन बंद कर देना

B. घबराकर वाहन छोड़ देना

C. निचले गियर का उपयोग करते हुए वाहन की गति नियंत्रित करना तथा सुरक्षित स्थान की ओर ले जाना

D. एक्सेलरेटर पूरी तरह दबाना

**If the brake system suddenly fails, the driver should first**

A. Switch off the engine

B. Abandon the vehicle

C. Shift to lower gears and steer the vehicle safely while reducing speed

D. Fully accelerate

**83. किस प्रकार की सड़क पर ओवरटेक करना सर्वाधिक जोखिमपूर्ण माना जाता है?**

A. सीधी एवं समतल सड़क

B. पुल, मोड़ एवं पैदल पार-पथ के निकट

C. चौड़ी चार-लेन सड़क

D. एक्सप्रेस-वे

**Overtaking is most dangerous on**

A. Straight level roads

B. Bridges, curves and near pedestrian crossings

C. Four-lane highways

D. Expressways

**84. वाहन की बैटरी के टर्मिनलों पर सफेद परत जमने का प्रमुख कारण क्या है?**

A. इंजन ऑयल

B. अम्लीय संक्षारण (Corrosion)

C. धूल

D. ग्रीस

**The white deposit on battery terminals is mainly due to**

A. Engine oil

B. Acid corrosion

C. Dust

D. Grease

**85. इंजन कूलेंट का मुख्य कार्य क्या है?**

A. इंजन को अत्यधिक गर्म होने से बचाना

B. ईंधन की मात्रा बढ़ाना

C. टायर ठंडे रखना

D. बैटरी चार्ज करना

**The main function of engine coolant is**

A. Prevent engine overheating

B. Increase fuel quantity

C. Cool tyres

D. Charge the battery

**86. पहाड़ी मार्ग पर उतरते समय चालक को क्या करना चाहिए?**

A. न्यूट्रल गियर में वाहन चलाना

B. निम्न (लो) गियर का उपयोग करना

C. इंजन बंद कर देना

D. केवल फुट ब्रेक का उपयोग करना

**While descending a steep hill, what should the driver do?**

A. Drive in neutral

B. Use a lower gear

C. Switch off the engine

D. Use only the foot brake

**87. वाहन की नियमित सर्विसिंग का सबसे महत्वपूर्ण लाभ क्या है?**

A. केवल वाहन साफ रहता है
B. वाहन की सुरक्षा, विश्वसनीयता तथा आयु बढ़ती है
C. केवल रंग अच्छा रहता है
D. केवल माइलेज बढता है

**The greatest benefit of regular vehicle servicing is**

A. Cleaner vehicle
B. Improved safety, reliability and service life
C. Better paint
D. Only higher mileage

**88. सड़क दुर्घटना के बाद यदि घायल व्यक्ति साँस नहीं ले रहा हो और चालक प्रशिक्षित हो, तो प्राथमिक उपचार के रूप में क्या किया जा सकता है?**

A. घायल को तुरंत खड़ा करना
B. CPR देना (यदि प्रशिक्षित हो)
C. पानी पिलाना
D. तुरंत वाहन में बैठाकर चल देना

**If an accident victim is not breathing and the driver is trained, the appropriate first aid is**

A. Make the victim stand
B. Administer CPR
C. Give water
D. Immediately move the victim into a vehicle

**89. सरकारी वाहन चालक को वाहन की चाबी किस प्रकार रखनी चाहिए?**

A. किसी भी कर्मचारी को दे देनी चाहिए
B. सुरक्षित अभिरक्षा में रखनी चाहिए
C. वाहन में ही छोड़ देनी चाहिए
D. डैशबोर्ड पर रख देनी चाहिए

**Government Vehicle driver should keep vehicle keys**

A. With any employee
B. In safe custody
C. Inside the vehicle
D. On the dashboard

**90. 'Blind Spot' से क्या अभिप्राय है?**

A. सड़क का अंधेरा भाग
B. वह क्षेत्र जो दर्पणों से दिखाई नहीं देता
C. सुरंग
D. स्पीड ब्रेकर

**What is meant by 'Blind Spot'?**

A. Dark section of the road
B. Area not visible through mirrors
C. Tunnel
D. Speed breaker

**91. सरकारी वाहन का उपयोग निजी कार्यों के लिए करना**

A. स्वीकार्य है

B. अधिकारी की मौखिक अनुमति से हमेशा स्वीकार्य है

C. सामान्यतः अनुमन्य नहीं है और नियमों के अधीन है

D. चालक के विवेक पर निर्भर है

**Using a Government vehicle for private purposes is**

A. Permissible

B. Always permissible with verbal approval

C. Generally not permissible and governed by rules

D. Left to the driver's discretion

**92. यदि किसी वाहन से असामान्य धुआँ निकल रहा हो, तो चालक को क्या करना चाहिए?**

A. वाहन को बेच देना चाहिए

B. वाहन की जाँच एवं आवश्यक मरम्मत करानी चाहिए

C. केवल हॉर्न बजाना चाहिए

D. गति बढ़ाना चाहिए

**If a vehicle emits abnormal smoke, the driver should**

A. Sell the vehicle

B. Get the vehicle inspected and repaired

C. Blow the horn

D. Increase speed

**93. ईंधन भराते समय इंजन बंद रखने का मुख्य कारण क्या है?**

A. इंजन ठंडा हो जाएगा

B. आग लगने का जोखिम कम होता है

C. बैटरी चार्ज होगी

D. माइलेज बढ़ जाएगा

**Why should the engine be switched off while refuelling?**

A. To cool the engine

B. To reduce fire hazard

C. To charge the battery

D. To improve mileage

**94. यदि वाहन में 'Check Engine' चेतावनी संकेत प्रदर्शित हो तो उचित कार्रवाई क्या है?**

A. उसे अनदेखा करें

B. OBD निदान एवं तकनीकी जाँच कराएँ

C. केवल ईंधन भर लें

D. टायर बदल दें

**If the 'Check Engine' warning light appears, the appropriate action is**

A. Ignore it

B. Get the vehicle diagnosed using OBD and inspected

C. Refill fuel only

D. Replace tyres

**95. 'No Parking' संकेत का उल्लंघन करने पर सबसे उपयुक्त परिणाम क्या हो सकता है?**

A. कोई परिणाम नहीं

B. विधि के अनुसार चालान अथवा अन्य वैधानिक कार्रवाई

C. केवल मौखिक चेतावनी

D. चालक को पुरस्कार

**Violation of a 'No Parking' sign may result in**

A. No consequence

B. Penalty or other legal action as per law

C. Verbal warning only

D. Reward

**96. सुरक्षित ड्राइविंग के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत सर्वाधिक महत्वपूर्ण है?**

A. तेज गति

B. सुरक्षित दूरी बनाए रखना

C. बार-बार लेन बदलना

D. लगातार हॉर्न बजाना

**Which principle is most important for safe driving?**

A. High speed

B. Maintaining a safe distance

C. Frequent lane changes

D. Continuous horn use

**97. वाहन के टायरों में अनुशंसित वायु-दाब बनाए रखने से क्या लाभ होता है?**

A. टायर शीघ्र घिसते हैं

B. बेहतर नियंत्रण, अधिक माइलेज तथा टायर की आयु बढ़ती है

C. इंजन का आकार बढ़ता है

D. ब्रेक स्वतः समायोजित हो जाते हैं

**Maintaining recommended tyre pressure results in**

A. Faster tyre wear

B. Better control, improved mileage and longer tyre life

C. Larger engine

D. Automatic brake adjustment

**98. निम्नलिखित में से टायरों के वायु-दाब के संबंध में सामान्यतः कौन-सा सही है?**

A. कार - 60-70 पीएसऐ, बस - 30-35 पीएसऐ, लॉरी - 80-100 पीएसऐ

B. कार - 80-100 पीएसऐ, बस -60-70 पीएसऐ, लॉरी -30-35 पीएसऐ

C. कार - 30-35 पीएसऐ, बस - 80-100 पीएसऐ, लॉरी -60-70 पीएसऐ

D. कार - 30-35 पीएसऐ, बस - 60-70 पीएसऐ, लॉरी - 80-100 पीएसऐ

**Which of the following is generally correct regarding tyre pressure?**

A. Car – 60–70 PSI, Bus – 30–35 PSI, Lorry – 80–100 PSI
B. Car – 80–100 PSI, Bus– 60–70 PSI, Lorry – 30–35 PSI
C. Car – 30–35 PSI, Bus – 80–100 PSI,Lorry – 60–70 PSI
D. Car – 30–35 PSI, Bus – 60–70 PSI, Lorry – 80–100 PSI

**99. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य पर्यावरण-अनुकूल (Eco-friendly) ड्राइविंग का भाग है?**

A. अनावश्यक इंजन चालू रखना
B. नियमित वाहन रखरखाव एवं सुचारु ड्राइविंग
C. तीव्र त्वरण एवं तीव्र ब्रेकिंग
D. अधिक धुआँ उत्पन्न नहीं करना

**Which of the following is an eco-friendly driving practice?**

A. Unnecessary idling
B. Regular maintenance and smooth driving
C. Harsh acceleration and braking
D. Non-producing excessive smoke

**100. एक उत्कृष्ट सरकारी वाहन चालक की पहचान निम्नलिखित में से किससे होती है?**

A. अधिकतम गति एवं उच्च अधिकारी को सुरक्षित समय पर पहुंचने केलिए मदद करना

B. तकनीकी ज्ञान, सड़क सुरक्षा, सत्यनिष्ठा, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व

C. केवल अनुभव एवं सत्यनिष्ठा

D. केवल वाहन की सफाई एवं समय पर रखरखाव

**An outstanding Government Vehicle driver is best identified by**

A. Maximum speed and helping the higher officer to reach in time with safety

B. Technical knowledge, road safety, integrity, discipline and accountability

C. Experience and integrity

D. Keeping the vehicle clean and proper maintenance in time

***

| Staff Car Driver – Answer Key (Exam Date: 09.08.2026) | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Question** | **Answer** | **Question** | **Answer** | **Question** | **Answer** | **Question** | **Answer** |
| 1 | B | 26 | C | 51 | D | 76 | C |
| 2 | A | 27 | A | 52 | B | 77 | B |
| 3 | C | 28 | B | 53 | B | 78 | B |
| 4 | B | 29 | D | 54 | B | 79 | B |
| 5 | C | 30 | D | 55 | B | 80 | D |
| 6 | B | 31 | B | 56 | B | 81 | B |
| 7 | A | 32 | B | 57 | B | 82 | C |
| 8 | D | 33 | C | 58 | B | 83 | B |
| 9 | B | 34 | B | 59 | A | 84 | B |
| 10 | B | 35 | C | 60 | B | 85 | A |
| 11 | A | 36 | D | 61 | B | 86 | B |
| 12 | B | 37 | D | 62 | B | 87 | B |
| 13 | C | 38 | C | 63 | B | 88 | B |
| 14 | A | 39 | A | 64 | C | 89 | B |
| 15 | A | 40 | C | 65 | B | 90 | B |
| 16 | A | 41 | B | 66 | B | 91 | C |
| 17 | C | 42 | D | 67 | B | 92 | B |
| 18 | D | 43 | B | 68 | B | 93 | B |
| 19 | D | 44 | B | 69 | B | 94 | B |
| 20 | A | 45 | B | 70 | B | 95 | B |
| 21 | B | 46 | B | 71 | B | 96 | B |
| 22 | A | 47 | A | 72 | B | 97 | B |
| 23 | B | 48 | B | 73 | D | 98 | D |
| 24 | D | 49 | A | 74 | B | 99 | D |
| 25 | C | 50 | B | 75 | B | 100 | B |